निरीक्षण फूड और राजस्व विभाग ने दुकान में पायी भारी अनियमितताएं, संचालक को नोटिस जारी

मिष्ठान्न दुकान में गंदगी के बीच बन रही थी खाद्य सामग्री

नवभारत, जबेरा 4 सितंबर। नगरवासियों की थाली तक पहुंचने वाली मिठाई और नमकीन का सच आखिरकार सामने आ गया है। 4 सितंबर को प्रकाशित खबर के बाद फूड और राजस्व विभाग हरकत में आया और बुधवार को विभाग की संयुक्त टीम ने नगर की चर्चित अंबिका बीकानेर मिष्ठान दुकान का औचक निरीक्षण किया।

कार्रवाई में दुकान में अव्यवस्था और गंभीर अनियमितताएं उजागर हुईं, जिसने नगरवासियों की सेहत को लेकर चिंता और गहरा दी है। इस संयुक्त कार्रवाई में जिला खाद्य अधिकारी राकेश अहिरवार, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया, नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा और पुलिस स्टाफ शामिल रहा। टीम ने निरीक्षण के दौरान कई खामियों को दर्ज किया और संचालक को नोटिस जारी किया।

निरीक्षण में सामने आया कि दुकानदार के पास केवल रिटेल मिष्ठान्न बिक्री का लाइसेंस है, लेकिन वह दुकान के भीतर ही गंदगी के बीच नमकीन और चिप्स तैयार कर बेच रहा था। पैकेटों पर निर्माण तिथि और एक्सपायरी डेट का उल्लेख नहीं था। यह सीधा खाद्य सुरक्षा अधिनियम का उल्लंघन है। जांच में यह भी पाया गया कि संचालक का मेडिकल सर्टिफिकेट एक्सपायर हो चुका है। बिल बुक में न तो जीएसटी नंबर और न ही फूड लाइसेंस नंबर दर्ज था। ग्राहकों को फर्जी बिल दिए जा रहे थे। साथ ही राज्य से बाहर से आए मजदूर कार्यरत मिले, जिनका बायोडाटा थाना जबेरा में दर्ज नहीं था।

सैंपल कलेक्ट कर जांच के लिए भेजे गए : अहिरवार

जिला खाद्य अधिकारी राकेश अहिरवार ने कहा कि निरीक्षण में गंभीर अनियमितताएं मिली हैं। छह माह में अनिवार्य लैब रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई, नमकीन के पैकेट बिना एक्सपायरी डेट के मिले। मेडिकल सर्टिफिकेट भी एक्सपायर था। मौके से सैंपल कलेक्ट कर जांच के लिए भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई होगी।

घरेलू सिलेंडर से बन रहे थे चिप्स व नमकीन

निरीक्षण में यह भी उजागर हुआ कि दुकान में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग खाद्य सामग्री बनाने में किया जा रहा था। टीम ने निर्देश दिए कि तत्काल कमर्शियल गैस सिलेंडर का उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

त्यौहारों के मद्देनजर पुलिस का फ्लैग मार्च

▸ शहर के विभिन्न मार्गों का किया भ्रमण

नवभारत, दमोह 4 सितंबर। कलेक्टर सुधीर कोचर और दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में गणेश उत्सव, ईद मिलादुन्नबी और पर्युषण पर्व को लेकर गुरुवार दोपहर पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च किया गया।

फ्लैग मार्च शहर के कोतवाली चैराहा से लेकर, टाकीज, पुराना थाना, गाढ़ी मोहल्ला, पठानी मोहल्ला, यशवंत चौक, महाकाली चौक, बड़ा पुल, घंटाघर, बस स्टैंड होते हुए शहर के विभिन्न मार्गों पर किया गया। इस दौरान सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे, एसडीएम दमोह आरएल बागरी, एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया, सीएसपी एचआर पांडे, सीएमओ नगरपालिका राजेंद्र सिंह लोधी, टीआई कोतवाली मनीष कुमार मौजूद रहे।

पुलिस प्रशासन अलर्ट

गणेश उत्सव, ईद मिलादुन्नबी और पर्युषण पर्व को लेकर शहर व जीले भर में अति उत्साह देखा जा रहा है। इसी को लेकर कलेक्टर कोचर व पुलिस अधीक्षक सोमवंशी के निर्देशन में पुलिस प्रशासन अलर्ट है। शहर में सिटी कोतवाली टीआई मनीष कुमार ने पुलिस बल के साथ विभिन्न क्षेत्रों का जायजा लिया।

एक नजर में

तालाब से मगरमच्छ का किया गया रेस्क्यू

नवभारत,दमोह 4 सितंबर। वनमण्डल के वन परिक्षेत्र सगोनी की बीट कुलुवा की ग्राम पंचायत हिनोती के ग्राम सलैया के तालाब में एक मगरमच्छ होने की खबर पर तत्काल वन विभाग टीम ने पहुंचकर रेस्क्यू किया. वन मण्डल अधिकारी ईश्वर जरांडे के निर्देशन में वन परिक्षेत्र अधिकारी सगौनी के मार्गदर्शन में रेसक्यू टीम नोहटा द्वारा सफलता पूर्वक रेसक्यू कर पशु चिकित्सा अधिकारी डीएस लोधी द्वारा मगरमच्छ का स्वास्थ्य परिक्षण उपरांत मगरमच्छ को स्वस्थ अवस्था में वनमण्डल अधिकारी के आदेश से वनविहार भोपाल भेजा गया.

मुक्तिधाम में किया गया पौधा रोपण

नवभारत,पटेरा 4 सितंबर। नगर परिषद पटेरा द्वारा 4 सितंबर को एक पेड़ मां के नाम अभियान को आगे बढ़ाते हुए वार्ड क्रमांक 3 मुक्तिधाम में पौधा रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें नगर परिषद पटेरा के सीएमओ प्रेम सिंह चौहान व जन प्रतिनिधि नगर परिषद पटेरा अध्यक्ष प्रतिनिधि दुलीचंद अहिरवाल, पार्षद पुष्पेंद्र सोनी पार्षद अमर सिंह लोधी आदि शामिल हुए।

दादागुरू का आज नगर आगमन

नवभारत,दमोह 4 सितंबर। अवधूत सिद्ध महायोगी दादागुरू 5 सितम्बर को दमोह आयेंगे। आप गुबरा में प्रात: 10:35 बजे पहुंचेंगे। इसी प्रकार सिंग्रामपुर में प्रात: 10:55 बजे, जबेरा में प्रात: 11:10 बजे, नोहटो के नोहलेश्वर मंदिर में प्रात: 11:20 बजे, अभाना में प्रात: 11:40 बजे और बांदकपुर में मंदिर दर्शन पूजन दोपहर 12:05 बजे करेंगे। आप धूना मंदिर प्रागंण में दोपहर 12:20 बजे, नित्यानंद महाराज की समाधि पर दोपहर 12:30 बजे और दादा ठनठनपाल महाराज धूना में दोपहर 12:45 बजे दर्शन पूजन करेंगे। अवधूत सिद्ध महायोगी दादागुरू गोर्वधन पर्वत में पौधा रोपण एवं गौर गणेश दर्शन दोपहर 12:55 बजे करेंगे।

तलैया में तैरते समय युवक की डूबने से मौत

नवभारत,दमोह 4 सितंबर। जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत इमलिया चौकी के समीप ग्राम अर्थ खेड़ा में एक 20 वर्षीय युवक तैरते समय डूब जाने से मौत हो गई। बताया कि मृतक दीपराज पिता गोपाल सिंह लोधी निवासी अर्थ खेड़ा चौकी इमालिया थाना तेजगढ़ की मौत हो जाने पर ग्राम सरपंच अर्थ खेड़ा प्रतिनिधि शिवराज सिंह लोधी की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई की गई.

दमोह को आशा कार्यक्रम में मिला पांचवा स्थान

नवभारत,दमोह 4 सितंबर। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके अठया ने बताया कि दमोह जिले ने आशा कार्यक्रम अंतर्गत मोबाईल अकादमी पाठ्यक्रम में शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त कर पूरे प्रदेश में पॉचवा स्थान हासिल किया है। भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व मंत्री, लोक स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. शासन राजेन्द्र शुक्ल के द्वारा डीसीएम ऋषि कुमार एवं विकासखंड तेन्दूखेड़ा की आशा कार्यकर्ता सविता पाल को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

छोटी मस्जिद से युवाओं ने निकाली बाइक रैली

नवभारत, दमोह 4 सितंबर। गुरुवार को दोपहर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर्व के चलते नगर के मुस्लिम नौजवानों द्वारा प्रतिवर्षानुसार स्थानीय छोटी मस्जिद क्षेत्र से विशाल बाईक रैली निकाली गई, जो शहर के चौक-चौराहों से होती हुए वापस अपने स्थान पर पहुंची ।बाईक रैली में हजारों युवाओं ने पुराना थाना से कीर्ती स्तंभ, बस स्टैण्ड से स्टेशन चौराहा होते हुए घण्टाघर के रास्ते वापस अपने स्थान पर पहुंचीण् बाइक रैली में मुस्लिम नौजवानों द्वारा पैगंबर साहब के जन्मदिन जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर निकाली गई। पैगम्बर साहब का जन्मोत्सव जश्ने ईद मिलादुन्नबी पूरे देश और दुनिया के साथ दमोह शहर व जिले में भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। स्थानीय मुर्शिद बाबा मैदान से सुबह 7 बजे परचम कुशाई के साथ जुलूस का आगाज होगा, जो नगर के मुख्य मार्गों से होकर निकलेगा, जिसका जगह-जगह स्वागत किया जायेगा।

पति और ससुर को 5 साल की जेल एवं जुर्माना

▸ महिला ने दो बेटियों के साथ फांसी लगाकर की थी आत्महत्या

नवभारत,दमोह 4 सितंबर। शहर की एक हृदय विदारक घटना में अपनी दो मासूम बेटियों के साथ आत्महत्या करने वाली एक महिला के पति और ससुर को दमोह के अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार गुप्ता ने दोषी ठहराया है. अदालत ने दोनों को 5 साल का कठोर कारावास और एक-एक हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है. यह फैसला मृतक लता और उसकी बेटियों इशिका (5) और रिया (2) की दुखद मौत के बाद आया है, जिसमें महिला ने अपनी पुत्रियों सहित 2 नवंबर 2022 को फ ांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी.

अभियोजन पक्ष की पैरवी कर रहे सरकारी वकील राजीव सिंह बद्री के अनुसार लता का विवाह आरोपी हाकम उर्फ चीनू रजक से हुआ था, जिसके पिता दामोदर रजक हैं। शादी के बाद से ही लता को दहेज की मांग के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था. दो बेटियों के जन्म के बाद यह प्रताड़ना और भी बढ़ गई. आरोपी हाकम लता पर बेटियों को लेकर तरह-तरह के लांछन लगाता था और उसके साथ मारपीट करता था. **प्रताड़ना से तंग आकर की आत्महत्या-** प्रताड़ना से तंग आकर लता कुछ समय पहले अपनी बेटियों के साथ मायके चली गई थी. 30 अक्टूबर 2022 को उसके ससुर दामोदर रजक उसे वापस लेने आए और वादा किया कि अब उसे कोई परेशान नहीं करेगा. इस आश्वासन पर विश्वास करके लता के माता-पिता ने उसे वापस ससुराल भेज दिया. हालांकि, घर पहुंचते ही आरोपी ने फिर से लता को परेशान करना शुरू कर दिया, जिससे वह टूट गई और आखिरकार उसने अपनी दो बेटियों के साथ फांसी लगा ली.

अदालत का फैसला- पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया. अभियोजन पक्ष ने अपने दावे को सिद्ध करने के लिए 14 गवाह पेश किए. वहीं, बचाव पक्ष ने दो गवाहों के साथ यह तर्क दिया कि लता मिर्गी की मरीज थी और इसी वजह से उसने आत्महत्या की. लेकिन, न्यायाधीश ने इस तर्क को खारिज कर दिया. अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि अगर आरोपियों के लता से मधुर संबंध होते, तो वह बीमारी के बावजूद आत्महत्या क्यों करती. न्यायालय ने अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों को विश्वसनीय माना और आरोपियों को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी पाते हुए कठोर दंड सुनाया.

वामनदेव जयंती पर निकली शोभायात्रा

नवभारत,दमोह 4 सितंबर। भगवान वामनदेव जयंती के उपलक्ष्य पर दमोह शहर के सिविल वार्ड स्थित शिव पार्वती मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई. जो शहर के बैंक चौराहा, बस स्टैंड, एवरेस्ट लाज,घंटाघर होते हुए शहर के विभिन्न मार्गों तक निकाली गई. शोभायात्रा में विशेष रूप से भगवान वामन देव के अलावा राधा कृष्ण के स्वरूप रथ पर सवार थे। घंटाघर में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए.

स्वास्थ्य शिविर आयोजित

भगवान वामन देव प्रकट उत्सव पर्व पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया इसमें विशेष रूप से अभिषेक दीपू भार्गव गढ़ाकोटा से शामिल हुए. साथ ही स्थानीय डॉ.नवीन दुबे, डॉ. दिव्यांशु अवस्थी, डॉ. मयंक प्यासी, डॉ. सोनू शर्मा, डॉ. सौरभ पालीवाल, डॉ. ज्योति त्रिपाठी, डॉ. अमित मिश्रा, डॉ. मोनिका पालीवाल, सतीश तिवारी, मनीषा पवन तिवारी, मनीष नगाइच, एड. पांडे, अरविंद उपाध्याय, रिंकू गोस्वामी, दीपक मिश्रा, दीपक मिश्रा आदि मौजूद रहे.

पीपल के पेड़ की सूखी डाल फिर गिरी

नवभारत, दमोह 4 सितंबर। जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर मंदिर के समीप लगे प्राचीन पेड़ों की डाल गिरने का सिलसिला अभी भी जारी है, गुरुवार सुबह करीब 6-7 बजे फिर पीपल के वृक्ष की डाल गिरी.जिससे एक बड़ी घटना होते-होते ताली है. बता दे कि इसके अलावा और भी पेड़ लगे हैं, जिनकी सूखी डालें गिर रही है, लेकिन उन्हें छाटा नहीं गया.कलेक्टर,जिला पंचायत सीईओ के द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि जल्द से जल्द पेड़ की सूखी डालें अलग की जाए,बता दे विगत दिनों पीपल की एक डाल गिरने से पंडित के अलावा विगत साल दो लोगों की जान गई थी. इसी को लेकर गुरुवार को जनपद पंचायत सीईओ हलदर मिश्रा अपनी टीम के साथ पहुंचे और उन्होंने वृक्ष की सूखी शाखाएं कटवाने के लिए व्यवसथाएं देखी.

शिविर में योग व प्राणायाम का दिया प्रशिक्षण

नवभारत,पथरिया 4 सितंबर। कस्तूरबा कन्या छात्रावास में एक योग प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ, जिसमें लगभग 175 छात्राओं ने भाग लिया। योग प्रशिक्षक पतंजलि प्रभारी सुदेश चौरसिया द्वारा योग का प्रशिक्षण दिया गया, नवीन हाई स्कूल के योग शिक्षक राजीव लोचन स्थापक ने योग प्राणायाम के लाभ बताए. संदीपनी मॉडल स्कूल के योग शिक्षक रमाशंकर पौराणिक ने सूक्ष्म व्यायाम योगासन के लाभ बताए, कराटे चैंपियन दीक्षा चौरसिया ने सेल्फ डिफेंस संबंधित मार्गदर्शन दिया व छात्रावास के समस्त स्टाफ की उपस्थिति में छात्रावास अधीक्षिका उषा करकरे द्वारा बच्चों का मार्गदर्शन कर प्रतिदिन योग व्यायाम करने का बच्चों को संकल्प दिलवाया।

भगवती संगठन के प्रयास से शराब बंदी लागू

नवभारत,पथरिया 4 सितंबर। जिले में नशा मुक्ति अभियान लगातार गति पकड़ रहा है। पिछले 30 वर्षों से समाज को नशा मुक्त करने के लिए कार्यरत भगवती मानव कल्याण संगठन के प्रयास से अब तक देश-विदेश में करोड़ों लोग नशे से मुक्ति पा चुके हैं। इसी कड़ी में संगठन के तत्वाधान में ग्राम गुढ़ा व सूखा में नशा मुक्ति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्राम के सरपंचों व वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में ग्रामीणों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके बाद गांव में नशा मुक्ति रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। रैली के उपरांत सर्वसम्मति से दोनों गांवों में बिक रही शराब को पूर्णत: बंद करने का निर्णय लिया गया। ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि आने वाले समय में अपने गांवों को पूरी तरह नशामुक्त रखेंगे।

नाम सुधार सूचना

मै कमलेश पटेल उम्र 45 वर्ष पिता श्री परमलाल पटेल निवासी ग्राम गरेंह पोस्ट गैसाबाद तहसील हटा जिला दमोह म.प्र. का स्थायी निवासी हूं। यह कि मेरे नाबालिग पुत्र ओमकार पटेल ने कक्षा 10 वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है पुत्र की है, जिसमे उसका नाम सही ओमकार पटेल लेख है तथा जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम ओमकार पटेल दर्ज है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम रामप्रसाद पटेल लेख हो गया है जो गलत है मेरे पुत्र का नाम रामप्रसाद पटेल की जगह सही नाम ओमकार पटेल उसके आधार कार्ड में नाम सुधार करने हेतु शपथ पत्र एवं नाम सुधार सूचना प्रस्तुत कर रहा हूं।
स्थान-हटा, जिला-दमोह
दिनांक- 01/09/2025
कमलेश पटेल

जागरूकता लोगों को नेत्रदान के प्रति किया प्रेरित, 8 सितंबर तक मनाया जाएगा नेत्रदान पखवाड़ा

नेत्रदान के संकल्प पत्र के साथ निकाली जागरूकता रैली

नवभारत,दमोह 4 सितंबर। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके अठया के मार्गदर्शन में नेत्रदान व इसके महत्व के बारे में आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से नेत्रदान पखवाड़ा 25 अगस्त से 8 सितम्बर दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा मनाया जा रहा है।

इस कडी में गुरुवार को जिला चिकित्सालय नेत्र इकाई परिसर से एक भव्य जागरूकता रैली निकाली गई। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी, डीपीएम अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम व वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधा राय, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश राय ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. सुधीर आर्य, डिप्टी डीपीएम प्रशांत रोहित, ओटी टैक्नीशियन शैलेष अहिरवार सहित नेत्र इकाई का नर्सिंग स्टॉफ दीप्ति पाण्डे, रीता श्रीवास्तव सहित स्वास्थ्य अमला मौजूद रहा।

सीएमटीसी की नर्सिंग छात्र-छात्राएं हुए शामिल

नेत्रदान जागरूकता रैली में हाथों में तख्तियां लेकर बड़ी संख्या में शामिल सीएमटीसी की नर्सिंग छात्र-छात्राओं व स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने नेत्रदान-महादान, नेत्रदान से किसी की दुनिया रोशन बनाएं जैसे प्रेरणादायी नारों के साथ आमजनों को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया। अंबेडकर चौक, घंटाघर पर मौजूद आमजन, व्यापारीगणों ने रैली दौरान बड़े उत्साह से सड़क किनारे खडे होकर नेत्रदान के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। रैली अंबेडकर चौक, घंटाघर होते हुए नेत्र चिकित्सा इकाई में सम्पन्न हुई।

डॉ. राकेश राय व आशुतोष पटेल ने नेत्रदान का लिया संकल्प

इस अवसर पर वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश राय व आशुतोष पटेल ने स्वयं नेत्रदान का संकल्प पत्र भरकर समाज में प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। इस मौके पर मौजूद डॉ. रीता चटर्जी ने नेत्रदान के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हुए कहा कि मृत्यु के बाद भी नेत्रदान कर हम किसी के जीवन में रोशनी भर सकते हैं। वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश राय ने कहा कि नेत्रदान प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित और वैज्ञानिक है। उन्होंने आमजन से अनुरोध किया कि आगे आकर नेत्रदान-महादान में सहभागी बनें।